
आज दिनांक 26-11-2024 को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद में एनुअल बुक फेयर 2024 का आयोजन किया गया जिसमें बिनोद बिहारी महतो कोलांचल यूनिवर्सिटी की डीएसडब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में पॉलिटिकल साइंस डिपार्टमेंट द्वारा संविधान दिवस को समर्पित नुक्कड़ नाटक का मंचन एस जे एस ग्रेवाल ऑडिटोरियम में किया गया। तत्पश्चात पॉलिटिकल साइंस डिपार्टमेंट की एच ओ डी डॉ मीना मालखंडी ने सभी को शपथ ग्रहण कराई। मौके पर कॉलेज शाशि निकाय के अध्यक्ष सरदार आर एस चाहल मौजूद थे। इस दिन का महत्व बताते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने सभी का अभिवादन किया और सभी को अपने संविधान के प्रति समर्पित होकर जीवन जीने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान कालेज के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं बड़ी संख्या में एनएसएस वॉलिंटियर्स मौजूद थे।


NANAK COLLEGE, DHANBAD
Degree College affiliated to BBMK University , Dhanbad)
NAAC Accredited Grade -B
Book Fair 2024
A Living Tradition
एक
परंपरा)
DHANBAD


GLOBUS


AMIT BOOK DEPOT


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
NAAC Accredited Grade
Book Fair 20
heme :- Multilingual In
iving Tradition
(बहुभाषी भारत :
GURU NANAK COLLEGE


World Investor Week
2024
Book Fair 2024


GURU
COLLEGE, DHANBAD
affiliated to BBMK University , Dhanbad)
Fair 2024
Theme
GLOBUS
HUDA- DHANBAD


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
NAAC Accredited Grade -B
Book Fair 2024
gual India : A Living Tradition
GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
त्योहारों का भारत : श्रेष्ठ भारत
बिहार
होली
GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
त्योहारों का भारत : श्रेष्ठ भारत
बंगाल
दुर्गा पूजा


AMIT BOOK DEPOT

माध्यमिक और उच्च माध्यमिक के योग्य शिक्षक मैट्रिक और इंटरमीडिएट के लिए प्री टेस्ट के प्रश्नपत्र बनाएं।

मूल्यांकन स्कूल के शिक्षक तीन दिनों के अंदर करेंगे।

पर 2 घंटे का अभ्यास होगा।

से छेड़छाड़ नहीं कर सकता है।

इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स (आईसीएआई) की धनबाद शाखा की ...ार को सीए के 28 विद्यार्थियों व ...सीसीएल के मुनीडीह स्थित भूमिगत ...ोगिक दौरा कराया गया। विद्यार्थियों ...दन की जानकारी दी गई। सुरक्षा के ...ी माइंस जूता, हेलमेट लाइट और ...र 400 मीटर नीचे तक गए। खनन ...मझा। शाखा की ओर से बीसीसीएल ...सुनील कुमार पांजा को स्मृति चिह्न ...किया गया। डॉ सत्री राव, पी राज ...ऊत आदि थे।

## ...ल में लिवर और किडनी ...निक आज, जुटेंगे विशेषज्ञ

...स्पिटल धनबाद और एमजीएम ...ओर से 27 नवंबर को लिवर और ...क्लिनिक लगाने के पूर्व विशेष ...में एमजीएम हेल्थकेयर, चेन्नई से ...ीकांत थुम्माला, लीवर ट्रांसप्लांट ...सागर टीवी, किडनी ट्रांसप्लांट ...भव साझा किए। डॉ श्रीकांत ...ट्रांसप्लांट का महत्व, इसे ...ी प्रक्रिया और मरीजों के लिए ...र्चा की। वहीं डॉ. विक्रम सागर ...बाद के उपचार पर भी विचार ...के सीईओ श्री हरेन्द्र सिंह ने ...ीय चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ ...स्थ्य सेवा दे रहे हैं।

### जीएन कॉलेज भूदा कैंपस में दो दिवसीय पुस्तक मेला शुरू, संविधान की दिलाई शपथ

# डिजिटल युग में भी पुस्तकें हमारी सोच को बनाती हैं समृद्ध, रोज पढ़ने की आदत डालें विद्यार्थी : डॉ पुष्पा

**एजुकेशन रिपोर्टर** | धनबाद

गुरु नानक कॉलेज के भूदा कैंपस में मंगलवार से दो दिवसीय पुस्तक मेला शुरू हुआ। इसमें देश के प्रमुख प्रकाशकों ने अपनी पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई। इनमें साहित्य, विज्ञान, इतिहास, कला और प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें हैं। मुख्य अतिथि बीबीएमकेयू की डीएसडब्ल्यू डॉ. पुष्पा कुमारी थीं। उन्होंने पुस्तक संस्कृति के पुनरुत्थान पर जोर दिया। कहा कि आज डिजिटल युग में भी पुस्तकें हमारी सोच को समृद्ध और सुदृढ़ बनाती हैं। छात्र-छात्राएं अधिक से अधिक पुस्तक पढ़ें और ज्ञान प्राप्त करें। कॉलेज अध्यक्ष सरदार आरएस चहल ने कहा कि पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी मित्र हैं। ये हमें समय, स्थान और परिस्थितियों से परे ज्ञान और अनुभव प्रदान करती हैं। विद्यार्थी नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ें, अपने ज्ञान को व्यापक बनाएं। प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद ने कहा कि पुस्तकें न केवल ज्ञान का स्रोत हैं, बल्कि व्यक्ति के मानसिक और नैतिक विकास में भी सहायक होती हैं। लाइब्रेरी प्रभारी नुसरत परवीण ने कहा कि यह मेला न केवल छात्रों बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिए ज्ञान के विविध आयामों को खोलने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मेले का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में पढ़ने की आदत विकसित करना है। वहीं मेले में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से संविधान दिवस पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को डॉ. मीना मालखंडी ने शपथ दिलाई। छात्रों ने संविधान के महत्व पर एक नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत किया। संविधान पढ़ने और इसके प्रति जागरूक बनने का संदेश दिया। इधर, विद्यार्थियों के बीच संवाद, पुस्तक विमोचन, पेंटिंग प्रदर्शनी, हास्य खेल और



साहित्यिक चर्चाएं भी हुईं। मेला गुरुवार को संपन्न होगा। पुस्तक संस्कृति के प्रोत्साहन के उद्देश्य से नए कदमों की घोषणा की जाएगी।

विकसित भारत की ...हमेशा प्रासंगिक रहे ...के कार्यकारी ...सुनील कुमार मे... करते हुए प्रतिभागि...

BEFORE T...
5th Floor, Praga...

PUNJAB NATION...

BARKHA KEDIA...
SUMMONS ...
RECOVE...

| SR No | DEFEN... |
|---|---|
| 1. | BARKHA K... W/O SRI D... KEDIA |
| 2. | DILIP KUM... S/O SR... SUNDER ... |

Whereas, th... Recovery of De... against the... **Rs. 44,52,260.** ... **Two Hundred** ... **cost for othe...** therefore dire... **2024 at 10.30** ... granted and t... of default, the ...

Given unde... **of Oct, 2024.**

प्रभात खबर

धनबाद, बुधवार
27.11.2024 | 02

# किताब हमारे सबसे अच्छे मित्र हैं : डॉ संजय प्रसाद

वरीय संवाददाता, धनबाद

गुरुनानक कॉलेज में दो दिवसीय पुस्तक मेला मंगलवार से शुरू हुआ. उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने किया. कहा कि किताबों की महत्ता हर काल में रहती थी और आज भी बरकरार है. यह लिखने और पढ़ने की क्षमता को बढ़ाती है. किताबों से अच्छा मानव के लिए कोई साथी नहीं है. कार्यक्रम के दौरान बीबीएमकेयू की डीन छात्र कल्याण डॉ पुष्पा कुमारी, कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार आरएस चहल, डॉ मीना मालखंडी समेत सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे.



**कई प्रकार की किताबें हैं उपलब्ध :** इस पुस्तक मेला में भाग लेने के लिए कई प्रकाशक आये हुए हैं. इनके पास कॉलेज के विषयों के अलावा कहानी, नाटक, जीवनी समेत भारतीय संविधान और प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें भी हैं.


**संविधान की ली शपथ :** पुस्तक मेला के दौरान ही संविधान दिवस भी मनाया गया. कॉलेज की राजनीति शास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं ने लघु नाटक प्रस्तुत किया.

हिन्दुस्तान

धनबाद, बुधवार, 27 नवंबर 2024 | 07

# गुरुनानक कॉलेज में पुस्तक मेला हुआ शुरू

धनबाद, मुख्य संवाददाता। गुरुनानक कॉलेज धनबाद में मंगलवार को दो दिवसीय पुस्तक मेला का उद्घाटन हुआ। मेले में प्रमुख प्रकाशकों ने अपनी पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई। इसमें साहित्य, विज्ञान, इतिहास, कला और प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों की एक बड़ी शृंखला देखने को मिली। छात्रों और आगंतुकों ने इन पुस्तकों में गहरी रुचि दिखाई और इसे एक उत्कृष्ट अवसर बताया। मुख्य अतिथि बीबीएमकेयू डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ पुष्पा कुमारी ने पुस्तक संस्कृति के पुनरुत्थान पर जोर देते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में पुस्तकें हमारी सोच को समृद्ध और सुदृढ़ बनाती हैं। कॉलेज अध्यक्ष आरएस चहल ने कहा कि पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी मित्र हैं। प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने पुस्तकों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह न केवल ज्ञान का स्रोत हैं, बल्कि व्यक्ति के मानसिक और नैतिक विकास में भी सहायक होती हैं। लाइब्रेरी प्रभारी नुसरत प्रवीण ने पुस्तक मेले के उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में छात्रों के बीच संवाद, पुस्तक विमोचन, पेंटिंग प्रदर्शनी, हास्य खेल और साहित्यिक चर्चा शामिल रहीं।



गुरुनानक कॉलेज में आयोजित पुस्तक मेले में पेंटिंग प्रदर्शनी में शामिल छात्र-छात्राएं।